भारत सरकार

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 1481

दिनांक 01.01.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए

कडापा (आन्ध्र प्रदेश) में फ्लोराईड से प्रभावित ग्रामीण बस्तियां

1481. श्री सी॰ एम॰ रमेशः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली के अनुसार आंध्र प्रदेश के कडापा जिले में चौदह ग्रामीण बस्तियों को फ्लोराईड प्रभावित के तौर पर चिन्हित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो बस्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) मंत्रालय ने इन बस्तियों को फ्लोराईड के प्रभाव से मुक्त करने के लिए क्या प्रयास किए हैं क्योंकि उन्हें काफी समय पहले ही फ्लोराईड प्रभावित घोषित किया गया था; और

(घ) उपर्युक्त समस्या से निपटने के लिए राज्य सरकार को प्रदान की गई तकनीकी और वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री एस.एस. अहलूवालिया)

(क) और (ख) दिनांक 01 अप्रैल, 2013 की स्थिति के अनुसार आंध्र प्रदेश सरकार ने मंत्रालय के एकीकृत प्रबंधन सूनचा प्रणाली (आईएमआईएस) पर सूचना दी है कि आंध्र प्रदेश के कडापा जिले में 14 बसावटें फ्लोराइड से प्रभावित थी। आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना अनुसार इन बसावटों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराकर पहले ही कवर कर लिया गया है। इसके साथ ही दिनांक 28 दिसंबर, 2017 की स्थिति अनुसार आईएमआईएस पर दी गई सूचना के अनुसार जिले में फ्लोराइड से प्रभावित कोई बसावट नहीं है। इन बसावटों को स्वच्छ पेयजल से कवर करने के मोड़ सहित इनका विवरण अनुलग्नक में है।

(ग) और (घ) ग्रामीण पेयजल आपूर्ति राज्य का विषय है। यह मंत्रालय, ग्रामीण आबादी तक सुरक्षित पेयजल पहुँचाने के कवरेज में सुधार लाने के लिए, केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के जरिए राज्यों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को पूरा करता है। राज्य सरकारें ही ग्रामीण आबादी तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए स्कीमों की आयोजना, डिजाइनिंग, अनुमोदन, निष्पादन और प्रचालन व रख-रखाव करती हैं। एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत राज्यों को उपलब्ध कराई गई निधियों का उपयोग आर्सेनिक और फ्लोराइड प्रभावित बसावटों को प्राथमिकता देते हुए, कवरेज और जल गुणवत्ता की समस्याओं के निपटान के लिए किया जा सकता है।

भारत सरकार ने आर्सेनिक और फ्लोराइड संदूषण से निपटने के लिए, 394 फ्लोराइड प्रभावित बसावटों में, नीति आयोग की अनुशंसा पर, सामुदायिक जल शुद्धिकरण संयंत्रों की कमीशनिंग हेतु मार्च, 2016 में 21.26 करोड़ रुपए जारी किए हैं, ताकि पीने और खाना बनाने की जरूरतों हेतु स्वच्छ जल तुरंत उपलब्ध कराया जा सके।

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय ने ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता पर वर्ष 2014 में उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। समिति ने अब तक 42 प्रौद्योगिकीयों (पेयजल हेतु 31 और स्वच्छता हेतु 11) का सुझाव दिया है। तथापि, किसी प्रौद्योगिकी के चयन का कार्य पूर्णतः राज्यों द्वारा किया जाता है।

दिनांक 01.01.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1481 के उत्तर के विवरण में उल्लिखित अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना अनुसार स्वच्छ पेयजल से इन बसावटों को कवर करने के मोड़ सहित बसावटों का विवरण

क्र.सं.	ब्लॉक का नाम	पंचायत का नाम	गांव का नाम	बसावट का नाम	कवरेज मोड़
1	गालीवेडु	गरूगापल्ली	गरूगापल्ली	चीनागोरावाडलपल्ली	नल जल आपूर्ति स्कीम के माध्यम से कवर किया गया
2	गालीवेडु	गरूगापल्ली	गरूगापल्ली	चीनागोरावाडलपल्ली	नल जल आपूर्ति स्कीम के माध्यम से कवर किया गया
3	गालीवेडु	गरूगापल्ली	गरूगापल्ली	छोवटापल्ली	नल जल आपूर्ति स्कीम के माध्यम से कवर किया गया
4	गालीवेडु	पांडीकुनटका	पांडीकुनटका	रामुलापल्ली	नल जल आपूर्ति स्कीम के माध्यम से कवर किया गया
5	लक्कीरईडीपल्ली	छोडापल्ली	अन्नाटापुरम	रवीन्द्रनगर	नल जल आपूर्ति स्कीम के माध्यम से कवर किया गया
6	लक्कीरईडीपल्ली	दापीपल्ली	दापीपल्ली	जी. माडीगापल्ली	नल जल आपूर्ति स्कीम के माध्यम से कवर किया गया
7	लक्कीरईडीपल्ली	दापीपल्ली	दापीपल्ली	कोवुरूवानाडालपल्ली	गांव का पलायन
8	लक्कीरईडीपल्ली	कागारहराम	कुरूनूथाला	डासारपल्ली	नल जल आपूर्ति स्कीम के माध्यम से कवर किया गया
9	लक्कीरईडीपल्ली	कागारहराम	कुरूनूथाला	डीगुवागोलापल्ली	नल जल आपूर्ति स्कीम के माध्यम से कवर किया गया
10	लक्कीरईडीपल्ली	कागारहराम	कुरूनूथाला	केड्डायावारीपल्ली	नल जल आपूर्ति स्कीम के माध्यम से कवर किया गया
11	लक्कीरईडीपल्ली	कागारहराम	कुरूनूथाला	रेड्डीवायारीपल्ली	नल जल आपूर्ति स्कीम के माध्यम से कवर किया गया
12	रामापुरम	गोपागुडीपल्ली	गोपागुडीपल्ली	गोपागुडीपल्ली	एपीआरडब्ल्यूएसएसपी के तहत वृहत नल जल आपूर्ति स्कीम के माध्यम से कवर किया गया
13	वीरबाली	वीरबाली	वीरबाली	असाडीमालापल्ली	एपीआरडब्ल्यूएसएसपी के तहत वृहत नल जल आपूर्ति स्कीम के माध्यम से कवर किया गया
14	वीरबाली	वीरबाली	वीरबाली	सी. गोलापल्ली	एपीआरडब्ल्यूएसएसपी के तहत वृहत नल जल आपूर्ति स्कीम के माध्यम से कवर किया गया

नोट :

पीडब्ल्यूएसः नल जल आपूर्ति स्कीम

सीपीडब्ल्यूएसः वृहत नल जल आपूर्ति स्कीम

एपीआरडब्ल्यूएसएसपीः आंध्र प्रदेश ग्रामीण जल आपूर्ति और स्वच्छता परियोजना